## महत्वपूर्ण एवं खास

### हिरण के मास के साथ एक पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** एक पुलिसकर्मी हिरण की मांस तस्करी करते हुए पकड़ा गया है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नाकेबंदी की थी। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी हिरण की मांस तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। यह घटना लवन के आगे बम्हनपुरी गांव के पास की है, जहां वन विभाग की टीम ने बलौदाबाजार पुलिस लाईन में पदस्थ जवान चन्द्रकुमार बघेल को गिरफ्तार किया गया है। वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी कर वन विभाग की टीम ने पुलिसकर्मी को पकड़ा है। डीएफओ के निर्देश पर बलौदाबाजार वनविभाग की टीम ने कार्यवाही की है।

### 5 किलो का कूकर बम बरामद

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के थाना परतापुर के ग्राम महला बीएसएफ कैम्प के एरिया अन्तर्गत ग्राम मूसरघाट में बुधवार को सर्चिंग में निकले जवानों की सतर्कतो से 05 किलो का कूकर बम को डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने की नियत एवं हानि पहुचाने के उद्देश्य से 05 किलो का कूकर बम लगाया गया था। जिसे मौके पर सतर्कता बरतते हुए बीएसएफ एवं जिला पुलिस कांकेर की टीम ने डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया, जिससे एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबे को असफल किया गया है।

### 5-5 किलो के 2 आईईडी बम बरामद कर किया निष्क्रिय

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के कोंडासावली कैम्प के नजदीक नक्सलियों द्वारा प्लांट की गई 5-5 किलो के 02 आईईडी बम को खोजकर सुरक्षित निष्क्रिय कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोरोना संकट के बीच नक्सलियों द्वारा लगातार जवानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। अरनपुर थानाक्षेत्र के कोंडासावली कैम्प के नजदीक ही नक्सलियों ने 5-5 किलो का 02 आईडी बम प्लांट कर रखा था, जिसे सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवानों ने एरिया डोमिनेशन के दौरान बरामद किया। आईडी बम को सुरक्षित निष्क्रिय कर लिया गया है। सीआरपीएफ डीआईजी डीएन लाल ने इसकी पुष्टि की है।

### 105 नग देशी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के पुसपाल क्षेत्र में ओड़िशा से शराब लाकर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए अवैध रूप से बेची जा रही 103 नग देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने मुखबीर से मिली सूचना के बाद आरोपी गनपत सिंह कश्यप निवासी तालनार के घर से 103 नग शराब बरामद किया गया। आरोपी पर आबकारी एक्ट धारा (24) के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है।

### सहकारी बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने दिया 14.12 लाख का योगदान

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वस्फूर्त होकर अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराया है। आज बैंक द्वारा 14 लाख 12 हजार 708 रूपए का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराया गया है। इस नेक कार्य के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैंक एवं सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी लोगों से मुक्त हस्त राहत कोष में धनराशि जमा कराने की अपील की गई है। प्रदेश के औद्योगिक व्यापारिक, सामाजिक संगठनों के अलावा आम नागरिक द्वारा भी इस कोष में लगातार योगदान दिया जा रहा है।

### बिल्डर पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के मोवा थाना क्षेत्र में पैराडाइज सोसाइटी में एक युवक ने बिल्डर पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी फैजल मोवा स्थित सलिनो पैराडाइस अपार्टमेंट में ही रहता है। बताया जा रहा है कि आरोपी बुधवार की रात में शराब पीकर अपार्टमेंट में कुछ दोस्तों के साथ नीचे पार्किंग में बैठकर हुल्लड़ करता था। जिसे अपार्टमेंट के मालिक अंकित खंडेलवाल ने आकर मना किया । इस बात पर आरोपी ने उसके साथ विवाद करते हुए गुस्से में आकर उस पर चाकू से कई वार कर दिए, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अंकित को उसके परिजनों ने अस्पताल में दाखिल कराया है, वहीं पुलिस ने घटना की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से घटने लगे कोरोना संक्रमित मरीज

» अब सिर्फ 10 मरीजों का एम्स रायपुर में उपचार जारी » होम क्वारेंटीन में रहने वालों की संख्या भी लगातार घट रहे » वर्तमान में राज्य में 69144 लोग होम क्वारेंटीन में

**रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में अब तेजी से कोरोना से संक्रमित मरीज घटने लगे है। एम्स रायपुर के चिकित्सकों की बेहतरीन चिकित्सा सेवा की बदौलत एवं राज्य सरकार के अब तक उठाये गये सराहनीय कदमों व प्रयासों से प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की 16 से घटकर आज 10 हो गई है। एम्स ने आज 6 मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया है।**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर द्वारा 16 अप्रैल को शाम 5 बजे तक जारी बुलेटिन में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 1844863 से बढ़कर 1914916 जा पहुंची है, वहीं इस महामारी से मरने वालों की संख्या भी 117021 से बढ़कर 123010 तक जा पहुंची है।

भारत देश की बात करें तो कोरोना वायरस से अभी तक 32 राज्य प्रभावित है जिनमें स ंक्रमित मरीजों की संख्या पिछले 24 घंटे में 11933 से बढ़कर अब 12759 हो गई है, वहीं इस संक्रमण से मृतकों की संख्या 392 से बढ़कर 420 पहुंच गई है। यानी पिछले 24 घंटे के दौरान भारत में 28 और मरीजों की मौत हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो देश के अन्य राज्यों की तुलना में यहां पिछले दो दिनों से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने के बजाय घट रही है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए अब तक कदमों व अथक प्रयासों के साथ-साथ एम्स रायपुर के चिकित्सकों की बेहतरीन चिकित्सा सेवा की बदौलत 15 एवं 16 अप्रैल को दो दिन में कोरोना संक्रमित 10 मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट गये है। इस तरह 20 कोरोना पॉजीटिव मरीजों में 10 ठीक हो गए है, जबकि शेष बचे अन्य 10 मरीजों के स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार आ रहा है। वहीं प्रदेश में होम क्वारेंटीन में रहने वालों की संख्या भी लगातार घट रही है। प्रदेश में अब तक 26411 लोग होम क्वारेंटीन की अवधि पूर्ण कर चुके है, वहीं वर्तमान में 69144 लोग अभी भी क्वारेंटीन में है।

## एक-एक लाख के 2 ईनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में एक-एक लाख के 02 ईनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में एक लाख की ईनामी महिला नक्सली भी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईनामी महिला नक्सली कवासी भीमें नक्सली संगठन में केएएमएस अध्यक्ष के रूप में सक्रिय थी। दूसरा ईनामी नक्सली सोमारू घुरवा डीएएमएस अध्यक्ष के रूप में नक्सली संगठन में सक्रिय था। दोनो ईनामी नक्सलियों पर 01-01 लाख रूपये का ईनाम घोषित था। आज दोनों ही नक्सलियो ने मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला लिया और नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में एएसपी सिद्धार्थ तिवारी व सीआरपीएफ 02 बटालियन के अधिकारी ताशी ज्ञानिक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुलिस ने दस हजार रूपये के प्रोत्साहन राशि के साथ पुनर्वास नीति के तहत समुचित लाभ प्रदान किया जाएगा।

## नशीली दवाओं की तस्करी करते पकड़े गए



**कोरबा (आरएनएस)।** कोरोना वायरस का संक्रमण को रोकने के लिए देशभर में लॉक डॉन किया गया है जिसकी वजह से प्रदेश सरकार ने शराब दुकानों को भी पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। ऐसे में नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले कुछ तस्कर सक्रिय हो गए हैं और नशे का कारोबार कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेकसिंह मीणा के निर्देश पर ऐसे लोगों पर पुलिस विशेष निगाह बनाई हुई है।

इस कड़ी में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले लोग क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम इस गिरोह को दबोचने जाल बिछाया और ग्राहक बनकर जा पहुंचे जहां पुलिस की टीम ने गोपालपुर दरी निवासी नरेंद्र व कोमल राठौर नामक युवक को नशीली दवाओं की तस्करी करते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं का जखीरा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्यवाही से इस कारोबार में जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक अभिषेकसिंह मीणा के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय है और बिना मास्क के व बेवजह घूमने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## कांग्रेस नेत्री का बेटा शराब तस्करी करते गिरफ्तार, 3 पुलिसकर्मी भी दे रहे थे साथ

**बिलासपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस नेत्री का पुत्र पुलसिकर्मियों के साथ मिलीभगत कर की शराब की तस्करी करता रंगे हाथों पकड़ा गया है, मुंगेली पुलिस ने कंग्रेस नेत्री के बेटे, वाहन और तीन आरक्षको से 52 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है, और कार्रवाई कर रही है। हालांकि पूछताछ के दौरान दो आरक्षक भाग निकले, उनकी पतासाजी भी की जा रही है। लॉकडाउन में शराब दुकान बंद होने से लगातार मध्य प्रदेश से शराब की तस्करी की जा रही है, और कई गुना कीमतों में शराब बेची जा रही है। छत्तीसगढ़ में शराब की बिक्री सरकारी नियंत्रण



में होने के कारण यहां अवैध रूप से शराब की बिक्री संभव नहीं है, लेकिन मध्य प्रदेश में अब भी शराब ठेकेदारों के माध्यम से बेची जाती है, इसीलिए मुंगेली और लोरमी जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से शराब की बड़ी खेप मंगाई जा रही है।

इस क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री माया रानी के पुत्र राहुल सिंह द्वारा मुंगेली जिले के ही पुलिस कर्मियो के साथ मिलीभगत करते हुए बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही थी। इसकी जानकारी मुंगेली पुलिस को हुई, तो एसडीओपी लोरमी और खुड़िया थाना प्रभारी चिंतामणि मालाकार ने अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण अंचल औरापानी के रास्ते में मोहा भांचा के करीब रात को नाकेबंदी की। इस दौरान वहां से बोलेरो क्रमांक सीजी 28 जे 3073 गुजरी। इसे रोक कर तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब मिली । इस वाहन में कुल 5 लोग सवार थे, जिनमें माया रानी का पुत्र राहुल सिंह के अलावा चालक राजेंद्र साहू और 3 कांस्टेबल भी थे। यातायात विभाग में ड्यूटीरत पवन गंधर्व के अलावा फास्टरपुर थाने में पदस्थ कॉस्टेबल लोकेश सिंह राजपूत और गजेंद्र यादव भी शराब तस्करी में लिप्त पाए गए हैं, लेकिन पूछताछ के दौरान ही लोकेश सिंह राजपूत और राजेंद्र यादव फरार होने में कामयाब हो गए।

इनके पास से खुड़िया पुलिस ने अलग-अलग ब्रांड के 52 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त किया है, और सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों के लिए घर बैठे पढ़ाई हेतु प्रारंभ किए गए ऑनलाईन शिक्षा पोर्टल 'पढ़ई तुंहर दुआर' को उनके यहां के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए ऑफर किया है। बघेल ने मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, पश्चिम बंगाल, असम, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिसा और पंजाब के मुख्यमंत्री को यह पत्र लिखा।

बघेल ने अपने पत्र में लिखा है-नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए भारत में पिछले तीन सप्ताह से लॉकडाउन चल रहा है, जिसे आगामी 03 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। लॉकडाउन के समय सभी स्कूल कॉलेज बंद हैं और निकट भविष्य में इनके खुलने की संभावना भी नहीं है, ऐसे में बच्चें की पढ़ाई जारी के लिए ऑनलाइन पढ़ाई ही एकमात्र तरीका है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि छत्तीसगढ़ ने एक ऑनलाइन सम्पूर्ण ई-लर्निंग पोर्टल विकसित कर लिया है, यह पोर्टल सभी के लिए निःशुल्क है और ष्द्दह्यष्द्धश्चश्वद्य.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। इसका नाम हमने छत्तीसगढ़ी भाषा में 'पढ़ई तुंहर दुआर' रखा है, जिसका अर्थ हैं, घर बैठे पढ़ाई।



इस पोर्टल की खासियत यह है कि भौतिक कक्षा का ही ऑनलाइन रूप है, जिसमें विद्यार्थियों को पढ़ने तथा सीखने की सभी सुविधाएं ऑनलाइन मिलती हैं। सभी कक्षाओं और विषयों के वीडियो लैक्चर सिलसिलेवार उपलब्ध है, जिन्हें विद्यार्थी अपनी सुविधा से देख सकते हैं और अपनी गति से सीख सकते हैं। इसी प्रकार पाठ्यक्रम को बेहतर तरीके से समझाने के लिए ऑडियो तथा पीडीएफके रूप में भी बहुत अच्छी सामग्री उपलब्ध है। कोई बात समझ में न आने पर विद्यार्थी ऑनलाइन प्रश्न पूछ सकते हैं और शिक्षक उन्हें ऑनलाइन उत्तर दे सकते हैं, इस प्रकार विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन शंका समाधान भी उपलब्ध है। होमवर्क के प्रश्न ऑनलाइन उपलब्ध है, जिन्हें विद्यार्थी अपनी कॉपी में हल करके शिक्षकों को ऑनलाइन भेज सकते हैं और शिक्षक होमवर्क का मूल्यांकन करके विद्यार्थी को वापस भेज सकते हैं। ऑनलाइन इंटरएक्टिव कक्षाएं भी ली जा सकती है।

हमने इस पोर्टल को विगत 7 अप्रैल को स्कूल शिक्षा के लिए प्रारंभ किया था, मात्र एक सप्ताह में इसके 65 लाख पेज व्यू हो गए हैं तथा 6.50 लाख से अधिक विद्यार्थी अपना पंजीकरण करके 1.26 लाख से अधिक शिक्षकों से पढ़ रहे हैं, इस संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, हाल ही में हमने इस पोर्टल को महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए भी खोल दिया है। इस पोर्टल की सबसे अच्छी बात यह है कि बिना किसी प्रकार का शुल्क दिए किसी भी राज्य में इसका उपयोग किया जा सकता है, विशेषकर हिन्दी भाषी राज्यों के लिए यह बहुत उपयोगी है।

## 106 मजदूर आंध्र से पैदल चल कर पहुंचे कोन्टा

### » कोन्टा पोटाकेबिन में 300 मजदूर आईसोलेशन केंद्र में

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के अंतिम छोर कोन्टा में आज 106 मजदूर आंध्र से पैदल चल कर पहुंचे है। उन्हें स्क्रीनिंग जांच कर आईसोलेशन केंद्र पोटाकेबिन में रखा गया है। इसके पहले भी लगभग 200 मजदूर कोन्टा के राहत आईसोलेशन केंद्र में 23 मार्च से अलग-अलग दिन आते रहे है, जिनको जिला प्रशासन के द्वारा पोटाकेबिन में खाने और रहने की व्यवस्था की गई है। आज आये 106 मजदूरो के साथ अब तक लगभग 300 मजदूर इस राहत आईसोलेशन केंद्र में शरण लिए हुए है।

लॉक डाउन आगामी 03 मई तक बढ़ा दी गई है, ऐसे कई मजदूर अभी भी आंध्र तेलंगाना में फॅसे है, जिनका आने का सिलसिला अभी भी जारी है। कुछ मजदूर 14 अप्रैल के बाद लॉक डाउन खत्म होने के इन्तजार में आंध्र-तेलंगाना में ही रुके हुए थे।

आज कोन्टा पंहुचे बूड़दी के मजदूर का कहना है कि हम छत्तीसगढ़ आ गए है हमे सुकमा जाने दिया जाए हम वहीं रह कर हम सरकार के नियम का पालन करते हुए आईसोलेशन में रहेंगे।

## मुठभेड़ में मारा गया एक नक्सली

### » बड़ी मात्रा में टेंट के सामग्री सहित विष्फोटक बरामद

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के सीमावर्ती बैलाडीला पहाड़ी के नीचे ग्राम मिरतुली क्षेत्र के बेचापाल-उरीपाल के जंगल में आज दोपहर को डीअरारजी और एसटीफ के साथ नक्सलियों की हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। जिसका शव पुलिस ने बरामद कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा और बीजापुर के सरहदी इलाके में भैरमगड़ एरिया कमेटी के चंदना के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीअरारजी और एसटीफ की टीम सर्चिंग के लिए रवाना की गई थी। इस दौरान नक्सलियों ने जवानों को देखते ही फाइरिंग शुरू कर दिया, सुरक्षाबलों की जवाबी कार्यवाही में एक नक्सली मारा गया है। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख घने जंगलों का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में बड़ी मात्रा में टेंट की सामग्री और विष्फोटक बरामद हुई है। बड़ी मात्रा में टेंट की सामग्री से यह अनुमान लगाया जा रहा है, कि मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों का ट्रेनिंग कैंप संचालित था। जहां बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर

बस्तर आई जी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में एक नक्सली के नक्सली मारा गया है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है।

## चाकू और तलवार लहराते दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर की पुलिस ने चाकू और तलवार लहराते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार थाना क्षेत्र के आरोपी जसवंत तंगील शास्त्री बाजार के पास लोहे की धारदार तलवार लहराकर आम लोगो को डरा धमका रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट समेत जिले में लागू धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में धारा 188 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसी प्रकार डी के अस्पताल परिसर स्थित पार्किंग का सार्वजनिक स्थान पर आरोपी छोटू उर्फ कौशल सिंह नुकीले धारदार चाकू से लोगो में भय फैला रहा था। इसे भी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर सूचना मुखबिर से मिलने पर पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## छत्तीसगढ़ में बिताए दिन हमें हमेशा याद आएंगे

रायपुर, 16 अप्रैल (आरएनएस)। बिलासपुर के नवोदय विद्यालय मल्हार में तीसरी भाषा सीखने के लिए आये ओडिशा के 28 छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर जिला प्रशासन बिलासपुर ने अपनत्व के साथ उपहार देते हुए उनके घर के लिए आज जब उन्हें स्नेहिल विदाई दी तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने कहा है कि धन्यवाद बघेल अंकल जी आपकी वजह से हम छह माह बाद अपने परिजनों के पास पहुंच रहे हैं। बच्चों का कहना था कि उन्हें बिलासपुर प्रवास के दौरान सभी लोगों का भरपूर स्नेह मिला। हम सभी लोगों को यहां की बोली, लोगों का रहन-सहन और कला-संस्कृति को देखने और सीखने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ में बिताये दिन हमें हमेशा याद आएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण बीते 23 मार्च से पूरे प्रदेश में लॉक डाउन के साथ धारा 144 लागू है। बिलासपुर जिले के आवासीय स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में कक्षा 9वीं में ओडिशा राज्य के बलांगीर से 28 छात्र-छात्राओं को चयनित कर तीसरी भाषा सीखने के लिए आये थे। वे जुलाई से मार्च तक रह कर पढ़ाई करने के लिये यहां आये थे। इसी बीच कोरोना महामारी के कारण स्कूल बंद हो गये। नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत आसपास के ग्रामीण विद्यार्थी अपने घर चले गए लेकिन बलांगीर से आये विद्यार्थी नहीं जा सके और उन्हें यहीं रुकना पड़ा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जब इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने कलेक्टर डॉ. संजय अलंग को इन बच्चों का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिये। लॉकडाउन के बाद लगातार सभी विद्यार्थियों को आत्मीयता के साथ नवोदय छात्रावास में रखा गया। उन्हें 15 दिन तक विद्यालय में ही रखा गया तत्पश्चात उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, वे सभी स्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार बिलासपुर कलेक्टर डॉ. अलंग ने इसके बाद बच्चों को उनके घर भेजने की व्यवस्था की। ओडिशा भेजने के लिए उन्होंने वहां के अधिकारियों से चर्चा की और छत्तीसगढ़ शासन से सक्षम अनुमति प्राप्त की गई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU